हापुड पुलिस **दिनांक 15.06.2024**

- **थाना बाबूगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत महिला की हत्या की घटना में संलिप्त 02 महिला अभियुक्ताओं सहित 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन व पैन कार्ड बरामद।**
- **अभियुक्ता जेठानी द्वारा रुपये का लेन-देन व घरेलू सामान के बंटवारे को लेकर अपने चाचा, भाई तथा बहन के साथ मिलकर की गई थी मृतका प्रियंका(देवरानी) की हत्या।**

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 14.06.2024 को समय सुबह करीब 04.00 बजे थाना बाबूगढ़ पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुचेसर चौपला फ्लाईओवर के पास एक अज्ञात महिला का शव रेत में दबा हुआ है।

उक्त सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उच्चाधिकारीगण व फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। इस सम्बन्ध में थाना बाबूगढ़ मु0अ0सं0 188/2024 धारा 302, 201 भादवि पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना के सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिला की हत्या की घटना में संलिप्त 02 महिला अभियुक्ता सहित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन व पैन कार्ड बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ करने पर मृतका की जेठानी राखी उपरोक्त ने बताया कि रुपये का लेन-देन व घरेलू सामान के बंटवारे को लेकर मृतका प्रियंका के साथ विवाद हुआ था, तो मैंने अपने चाचा, भाई व बहन के साथ मिलकर मृतका का गला घोंटकर हत्या कर दी थी तथा शव को छिपाने के उद्देश्य से प्लास्टिक के कट्टे में सड़क किनारे खाली प्लाट में रेत में दबा रहे थे। आस पास राहगीर घूमते दिखाई दिये तो पकड़े जाने के डर से हम शव को वहीं छोड़कर भाग गये।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. राखी पत्नी बनवारी निवासी ग्राम खेडी देवी थाना नदवई जनपद भरतपुर राजस्थान हाल पता कुचैसर रोड चौपला थाना बाबूगढ जनपद हापुड। (मृतका की जेठानी)

2. महिपाल उर्फ अजय पुत्र परमाल सिंह निवासी ग्राम राजपुर हाईकोर्ट थाना सिम्भावली जनपद हापुड।

3. खुशबु पत्नी विनोद निवासी जैनवाली गली कस्बा व थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड हालपता कुचैसर चौपला थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

गिरफ्तारी का स्थान- बनखण्डा नहर पुल के पास।

बरामदगी का विवरणः-

मृतका का मोबाइल फोन व पैन कार्ड।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री विजय कुमार गुप्ता थाना बाबूगढ जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री सुरेन्द्र सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड़।
3. उ0नि0 श्री धनवीर सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड़।
4. उ0नि0 (यूटी) नरेन्द्र सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड़।
5. म0उ0नि0 (यूटी) रागिनी भदौरिया थाना बाबूगढ जनपद हापुड़।
6. का0 370 सोनू थाना बाबूगढ जनपद हापुड़।
7. का0 672 राशिद अली थाना बाबूगढ जनपद हापुड़।